दिनांक 28.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

जोन 6 के आयुक्त श्री टी0 के0 रणदिवे ने जोन कार्यालय अंतर्गत विभिन्न वार्ड का भ्रमण कर चल रहे विकास कार्य से अवगत होते हुए विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0 के0 सुंदरानी के द्वारा पिछले दिनों रिसाली जोन–6 कार्यालय के प्रभार वाले विभिन्न वार्डों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से नेवई के ट्रेचिंग ग्राउंड वार्डो में चल रहे विकास कार्य, एस0एल0आर0एम0 केंद्र, तालाब, संधारण कार्य, सार्वजनिक शौचालय सहित विभागीय कार्य के कार्यो की समीक्षा की गई थी तथा जोन आयुक्त को सख्त निर्देश जारी किया गया था कि जिन वार्डों में लोक निर्माण के कार्य प्रारंभ हो चुके हैं ऐसे कार्यों का स्वयं स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता बनी रहे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही समय सीमा में कार्य पूर्ण हो इस संबंध में संबंधित ठेकेदार को निर्देशित करें और कार्य में प्रगति लावे। साफ सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था के संबंध में जोन आयुक्त द्वारा आयुक्त महोदय को अवगत कराया गया।

निगम आयुक्त पिछले दिनों निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक शौचालय भवन में ताला बंद पाए जाने पर जोन 6 के स्वच्छता निरीक्षक एवं सहायक स्वच्छता निरीक्षक को कार्य में लापरवाही पाए जाने के कारण दोनों कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया था।

जनसम्पर्क अधिकारी